प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.11.2025 (दोपहर–1455 बजे)

****

दुमका में सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह आज दुमका कन्वेंशन हॉल में आयोजित हुआ जिसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित कुल 116 छात्र–छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 78 को गोल्ड मेडल और 37 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली तृप्ति शोभा मरांडी को सर्वश्रेष्ठ स्नातक के रूप में सम्मानित किया गया। मौके पर राज्यपाल ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा, शोध और समाज तथा राज्य के विकास में योगदान की प्रेरणा दी।

****

दुमका में सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार देवघर पहुंचे हैं। देवघर एयरपोर्ट पर स्थानीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्यपाल यहां कुछ निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

****

हजारीबाग में वन भूमि घोटाला के आरोप में जेल में बंद आइएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। अब उनकी जमानत याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी।

****

विधानसभा नियुक्ति घोटाले में सीबीआई की याचिका पर कल सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की पीठ में इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा की याचिका पर सुनवाई के दौरान सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीबीआई ने इस रोक को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में सातवां माइनर इरिगेशन सेंसस और सेकंड वाटर बॉडीज सेंसस को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में आज जिले के 250 अधिकारियों और कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने संसेस से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को अत्यधिक सावधानी और पूरी सटीकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये।

****

झारखंड राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिले को एक बड़ी सौगात मिली है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

दुमका के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कोटठया के पास आज एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई, जिससे कार में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में शामिल पांचों युवक दुमका शहर के लखीकुंडी मोहल्ले के रहने वाले हैं। इधर, रांची जिले के नामकुम थाना क्षेत्र में भी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।

****

राज्य के 25 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड और इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में रांची में आयोजित ओपन कराटे चैंपियनशिप का समापन हुआ। मेज़बान रांची के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। दूसरे स्थान पर पश्चिम सिंहभूम और तीसरे स्थान पर दुमका की टीम रही। रांची की अनन्या ट्विंकल कुजूर ने लड़कियों के वर्ग में चैंपियन का खिताब हासिल किया और पश्चिम सिंहभूम के सत्यम गुप्ता को लड़कों के वर्ग में चैंपियन का खिताब मिला।

****